दिल्ली नगर निगम और दिल्ली जल प्रदाय में मल-व्यय संस्थान में दैनिक मजदूरी पर कार्य कर रहे व्यक्ति

1659. श्री सूरज प्रसाद : क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों से दिल्ली नगर निगम और दिल्ली जल प्रदाय व मल-व्यय संस्थान में बेलदार, चौकीदार, झाड़ूकश, फिटर, सहायक मीटर रीडर और लिपिक के पदों पर कितने-कितने व्यक्ति दैनिक मजदूरी पर कार्य कर रहे हैं;

(ख) क्या यह सच है कि उच्चतम न्यायालय ने निदेश दिये हैं कि जिन कर्मचारियों की सेवा छः महीने की हो चुकी है, उन्हें नियमित कर दिया जाये;

(ग) यदि हां, तो दिल्ली नगर निगम के जलपूर्ति विभाग में काम कर रहे कर्मचारियों की सेवाएं नियमित न किए जाने के क्या कारण हैं; और

(घ) सरकार इन कर्मचारियों की सेवाएं नियमित करने के लिए क्या कार्यवाही कर रही है?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह) : (क) पिछले 3 वर्षों से नैमेत्तिक श्रमिकों के ब्यौरे इस प्रकार हैं :—

	दिल्ली नगर निगम के श्रमिक	दिल्ली जलपूर्ति तथा मल-व्ययन संस्थान के श्रमिक
बेलदार		सूचना एकत्र की जा रही है।
चौकीदार		
सफाई कर्मचारी	1593	सूचना एकत्र की जा रही है।
कनिष्ठ फिटर		
सहायक मीटर रीडर		
लिपिक		

(ख) दिल्ली जलपूर्ति तथा मल व्ययन संस्थान में कार्यरत कर्मचारियों के बारे में उच्चतम न्यायालय से कोई निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है। तथापि, दिल्ली नगर निगम के मजेरिया विभाग के संबंध में, न्यायालय ने निर्देश दिया है कि याचिकाकर्त्ता की सेवायें नियमित की जायें।

(ग) और (घ) नैमेत्तिक कर्मचारियों का नियमितिकरण चरणबद्ध तरीके से आरम्भ किया गया है तथा उन्हें यथा-समय नियमित कर दिया जाएगा।